दिन– गुरूवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 12/12/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार ने गेहूं की जमाखोरी रोकने के लिए थोक और खुदरा विक्रेताओं के लिए भंडारण की सीमा घटायी।

02. प्रदेश के अठारह हजार से अधिक गांवों में रबी मौसम के लिए किया जायेगा डिजिटल क्रॉप सर्वे। खेती की जमीन का वैज्ञानिक डाटा मिलने में होगी आसानी।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में देश के पहले बाल कैंसर अस्पताल का करेंगे शिलान्यास।

04. और, राज्य सरकार ने पटना के मोईनुल हक स्टेडियम को तीस वर्षों की लीज पर बिहार क्रिकेट एसोसिएशन को सौंपा।

————————————————————————

केंद्र सरकार ने इकतीस मार्च दो हजार पच्चीस तक समग्र खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने और जमाखोरी रोकने के लिए गेहूं भंडारण की सीमा को संशोधित किया है। केंद्र ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में व्यापारियों, थोक और खुदरा विक्रेताओं के लिए गेहूं के भंडारण की सीमा घटा दी है। व्यापारियों और थोक विक्रेताओं के लिए गेहूं की भंडारण सीमा दो हजार मीट्रिक टन से घटाकर एक हजार मीट्रिक टन कर दी गई है, जबकि खुदरा विक्रेताओं के लिए यह सीमा दस मीट्रिक टन से घटाकर पांच मीट्रिक टन कर दी गई है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अनुसार इस साल रबी मौसम के दौरान एक हजार एक सौ बत्तीस लाख मीट्रिक टन गेहूं की पैदावार दर्ज की गई है। विभाग ने सभी गेहूं भंडारण इकाईयो को गेहूं स्टॉक सीमा पोर्टल पर पंजीकरण करना और हर शुक्रवार को उसकी वर्तमान उपलब्धता की जानकारी साझा करना आवश्यक बताया है।

————————————————————————

कृषि विभाग ने प्रदेश में रबी मौसम के दौरान किसानों को फसल योजनाओं का लाभ समय से दिलाने के लिए डिजिटल क्रॉप सर्वे कराने का निर्णय लिया है। इस सर्वे से फसलों के रियल टाईम में लगाये गये आच्छादन क्षेत्र का सही आकलन किया जा सकेगा। इसके लिए विभाग की ओर से इकतीस जनवरी तक जियो रेफरेंस मैप तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। इसके लिए छत्तीस जिलों के अठारह हजार से अधिक गांवों को चिन्हित किया गया है। विभाग के अनुसार इस सर्वें के बाद किसानों की

जमीन का वैज्ञानिक डेटा उपलब्ध होगा और जरूरतमंद किसानों को योजनाओं का उचित लाभ दिया जा सकेगा।

———————————————————————

रेलवे संशोधन विधेयक दो हजार चौबीस को लोकसभा ने ध्वनि मत से पारित कर दिया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि विधेयक में रेलवे अधिनियम उन्नीस सौ नवासी में संशोधन और रेलवे बोर्ड तथा उसके स्वतंत्र रूप से कार्य निष्पादन के अधिकार को बढ़ाने के प्रावधान किये गये हैं। भारतीय रेलवे बोर्ड अधिनियम उन्नीस सौ पांच के सभी प्रावधान इस विधेयक के माध्यम से रेलवे अधिनियम उन्नीस सौ नवासी में समाहित करने का प्रस्ताव है। श्री वैष्णव ने कहा कि इस विधेयक को लाने का उद्देश्य कानूनी ढांचे को सरल बनाना है। उन्होंने बताया कि पिछले दस वर्ष में रेलवे ढांचे को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

———बाईट———

पिछले एक वर्ष में ही पांच हजार तीन सौ किलोमीटर नए रेलवे ट्रेक बने जो कि पूरे स्विट्जरलैंड के रेलवे नेटवर्क से भी ज्यादा है। एक बहुत बडी उपलबधि इस देश की कि प्रधानमंत्री जी के विज़न का बहुत बड़ा एक उदाहरण है कि कैसे प्रधानमंत्री जी ने देश के विकास के लिए विकसित भारत की नीव रखी है। सेफ्टी पे बहुत ध्यान दिया गया। जहां सात, आठ हजार, दस हजार करोड़ का इंवेस्टमेंट होता था अब एक लाख आठ हजार करोड का इंवेस्टमेंट होता है।

———————————————————————

केन्द्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने कहा है कि वर्ष दो हजार पैंतीस तक भारत का अपना अंतरिक्ष स्टेशन **भारत अंतरिक्ष स्टेशन** होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार चालीस तक भारतीय नागरिक चांद पर उतर सकेंगे। नई दिल्ली में विज्ञान मंत्रालयों की उपलब्धियों पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉक्टर सिंह ने कहा कि अब तक भारत से चार सौ बत्तीस विदेशी उपग्रह प्रक्षेपित किए जा चुके हैं, जिनमें से लगभग नब्बे प्रतिशत पिछले दस वर्षों में प्रक्षेपित किए गए हैं।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में देश के पहले बाल कैंसर अस्पताल का शिलान्यास करेंगे। महावीर मंदिर न्यास के सचिव आचार्य किशोर कुणाल ने बताया कि इस अस्पताल में अठारह वर्ष तक के कैंसर रोगियों का इलाज किया जायेगा। यह अस्पताल सौ बेड का होगा।

———————————————————————

मुख्यमंत्री श्री कुमार आज तीन सौ नौ मुफ्त औषधि वाहनों को भी हरी झंडी दिखाकर पटना से रवाना करेंगे। यह औषधि वाहन सभी जिला मुख्यालयों से प्रखंड

मुख्यालय तक दवा पहुंचायेंगे। इन वाहनों से प्रखंड से पंचायत स्तर तक के स्वास्थ्य केन्द्रों तक दवा पहुंचायी जायेगी।

———————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग, बीपीएससी की संयुक्त सत्तरवीं प्रारंभिक परीक्षा कल होगी। परीक्षा राज्य के नौ सौ पचास केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। आयोग के परीक्षा नियंत्रक सत्य प्रकाश शर्मा ने बताया कि अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र पर राजपत्रित पदाधिकारी से प्रमाणित रंगीन फोटो चिपकाना होगा। परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के समय अभ्यर्थियों को अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड या ड्राईविंग लाईसेंस दिखाना होगा। आयोग के परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि अफवाह फैलाने वालों को आजीवन प्रतिबंधित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्रों की निगरानी के लिए तीस हजार कैमरे और जैमर भी लगाये जा रहे हैं।

———————————————————————————

राज्य के छिहत्तर हजार आंगनबाड़ी केन्द्रों को आधार सेवा से जोड़ा गया है। इन केन्द्रों पर छह वर्ष तक के बच्चों का आधार कार्ड बनाया जायेगा। आईसीडीएस के निदेशक कौशल किशोर ने बताया कि तीस लाख बच्चों के परिजनों ने आधार कार्ड बनाने के लिए आवेदन किया है। इसमें से पन्द्रह लाख बच्चों के आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया की जा रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की सेविकाओं को अगले मार्च महीने तक सभी बच्चों का कार्ड बनाने का निर्देश दिया है।

———————————————————————————

सीतामढ़ी जिले की बंद पड़ी रीगा चीनी मिल में बीस दिसम्बर से गन्ने की पेराई शुरू होने की सम्भावना है। सूचना और जनसर्म्पक विभाग के अनुसार चालू पेराई सत्र में इस चीनी मिल से पन्द्रह से बीस लाख क्विंटल गन्ने की पेराई होगी, जिससे गन्ना किसानों को लगभग अस्सी करोड़ रूपये ईंख मूल्य का भुगतान हो सकेगा। इससे सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर और शिवहर जिले के लगभग सात हजार किसान लाभांवित होंगे। गौरतलब है कि चीनी मिल का मामला एनसीएलटी कोलकाता पीठ में चल रहा था। पीठ द्वारा मेसर्स निरानी शुगर्स लिमिटेड को सफल निवेशक घोषित किया गया था।

———————————————————————————

सोशल मीडिया मंच प्रदान करने वाली कंपनी—मेटा ने पुष्टि की है कि तकनीकी समस्या के चलते इंस्टाग्राम, फेसबुक और व्हाट्सएप उपयोगकर्ताओं को एप के इस्तेमाल में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मेटा ने एक्स पर एक बयान में पुष्टि की है कि तकनीकी समस्या के कारण कुछ उपयोगकर्ताओं को ऐप्स का इस्तेमाल करने में

कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। कंपनी ने कहा है कि वह सामान्य सेवा जल्द बहाल करने के लिए काम कर रही है।

———————————————————————

राज्य सरकार ने राजधानी पटना स्थित मोईनुल हक स्टेडियम को तीस वर्षों की लीज पर बिहार क्रिकेट एसोसिएशन—बीसीए को सौंप दिया है। बिहार सरकार की ओर से खेल विभाग के निदेशक महेन्द्र कुमार और बीसीए के अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी ने एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया। बीसीए अध्यक्ष ने बताया कि जल्द ही इस स्टेडियम में विश्व स्तर के क्रिकेट मैच कराये जायेंगें। इस स्टेडियम की क्षमता चालीस हजार दर्शकों की होगी। साथ ही छिहत्तर कॉरपोरेट बॉक्स और दो सौ पचास विशिष्ट लोगों के बैठने की व्यवस्था की जायेगी।

———————————————————————

ओडिशा में चल रही जूनियर नेशनल एथलेटिक्स के अन्डर ट्वेंटी बालक वर्ग के चार सौ गुना चार सौ मीटर रिले दौड़ में बिहार के खिलाड़ियों ने कांस्य पदक जीता है। यह पहली बार है जब बिहार के खिलाड़ियों ने रिले दौड़ में पदक जीता है। इस प्रतियोगिता में अब तक बिहार के खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक जीता है।

इधर, विजय मर्चेंट अंडर सिक्सटीन क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रीतम राज की शानदार गेंदबाजी के बदौलत बिहार ने सिक्किम को पहली पारी में एक सौ चौंतीस रन पर रोक दिया। ओडिशा के कटक में यह तीन दिवसीय मैच खेला जा रहा है।

———————————————————————

उत्तर पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के तापमान में गिरावट हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना की वैज्ञानिक ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि हिमालय की तराई वाले जिलों में आज देर रात से घना कोहरा छाया रहने का पूर्वानुमान है।

———बाईट———

विभाग ने आज पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, सहरसा, मधेपुरा, सुपौल, अररिया, पूर्णियां, किशनगंज और कटिहार जिले में कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने की चेतावनी जारी की है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सात दशमलव दो डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ समस्तीपुर जिले का पूसा राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान बारह दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————

मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने हाजीपुर स्थित जूता बनाने वाली कंपनी का निरीक्षण किया। यह कंपनी रूसी सेना के लिए सेफ्टी जूतों की आपूर्ति करती है। साथ ही कंपनी इंग्लैंड, नीदरलैंड और फ्रांस में भी सेफ्टी जूतों का निर्यात करती है। निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने कम्पनी में काम कर रहे कारीगरों से बात की। कंपनी में अभी दो सौ महिला कारीगर के साथ तीन सौ कामगार तैनात हैं।

———————————————————————

जमुई जिले के नागा नकटी–पक्षी अभ्यारण्य में दुर्लभ पक्षी ग्रेटर स्प्रेड ईगल, कालजंघा मिला है। विशेषज्ञों की टीम ने इस अभ्यारण्य में चौवालीस प्रजातियों के दो हजार पक्षियों की गणना की है। इस अभ्यारण्य को रामसर साईट का वैश्विक दर्जा मिलने के बाद पहली बार शीतकालीन जल पक्षी गणना की जा रही है।

———————————————————————

मधुबनी जिले के डीआरसीसी मिठौली में प्रधान शिक्षक, शिक्षक भर्ती और सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण शिक्षकों की काउंसिलिंग में शिक्षकों से राशि उगाही करने की शिकायत मिलने के बाद डीईओ जावेद आलम ने चार ब्लॉक प्रोजेक्ट मैनेजर– बीपीएम और एक डाटा इंट्री आपॅरेटर से स्पष्टीकरण मांगा है।

———————————————————————

पटना सीमा शुल्क कार्यालय के अधिकारियों ने रक्सौल के एकीकृत चेक पोस्ट पर जांच के दौरान दो वाहनों से एक सौ सैंतालीस किलो गांजे के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे का अनुमानित बाजार मूल्य डेढ़ करोड़ रूपये बताया जाता है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– बिहार से विदेश जाने वाली महिलाएं दस गुना बढ़ीं। अखबार ने एक अन्य खबर पर लिखा है– दरभंगा में दो इंजीनियरों की हत्या के सभी आरोपी बरी। पटना हाई कोर्ट ने सबूत के अभाव में दी राहत। दैनिक जागरण ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में भ्रष्टाचार के मामले पर श्रम मंत्रालय की कार्रवाई को बड़ी खबर बनाया है। दैनिक भास्कर की बड़ी खबर है– बेगूसराय जिले में संदिग्ध हालत में दो मरे, परिजन बोले शराब पी थी, पुलिस बोली ठंड लगी थी।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केंद्र सरकार ने गेहूं की जमाखोरी रोकने के लिए थोक और खुदरा विक्रेताओं के लिए भंडारण की सीमा घटायी।

02. प्रदेश के अठारह हजार से अधिक गांवों में रबी मौसम के लिए किया जायेगा डिजिटल क्रॉप सर्वे। खेती की जमीन का वैज्ञानिक डाटा मिलने में होगी आसानी।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में देश के पहले बाल कैंसर अस्पताल का करेंगे शिलान्यास।

04. और, राज्य सरकार ने पटना के मोईनुल हक स्टेडियम को तीस वर्षों की लीज पर बिहार क्रिकेट एसोसिएशन को सौंपा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।